## महत्वपूर्ण एवं खास

### 28 फरवरी से होगा शिशु संरक्षण माह का आयोजन

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.मधूलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत शिशु संरक्षण माह का आयोजन जिले में 28 फरवरी से 31 मार्च 2023 तक किया जाना है। ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को 9 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों को विटामिन ए की खुराक अवश्य पिलाये। 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चो को सप्ताह में दो बार 1 एमएल आयरन सीरप अवश्य पिलाये। नियमित टीकाकरण करवायें व टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों को टीके अवश्य लगवाये। 05 वर्ष के बच्चें का वजन कराये एवं गंभीर कुपोषित बच्चों का पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कर उपचार करायें। जिले मे 135344 बच्चें को विटामिन ए सीरप की खुराक दी जायेगी। तथा आई एफ ए की सीरप 156713 को दी जायेगी। इसके लिये समस्त जिलेवासियों को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अपील की जाती है कि अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर स्वास्थ्य सेवा का लाभ लें एवं अपने बच्चे को दवा पिलाकर रोग-प्रतिरोधक शक्ति प्रदान करने में सहयोग करें।

### पं.जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना: कक्षा 6 वीं के लिए लिखित चयन प्रवेश परीक्षा 12 मार्च को

**रायगढ़।** पं.जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में कक्षा 6 वीं के लिए लिखित चयन प्रवेश परीक्षा 12 मार्च 2023 को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा हेतु लोकमान्य तिलक उ.मा. शा.चक्रधरनगर रायगढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है एवं वहां के प्राचार्य को केन्द्राध्यक्ष बनाया गया है। सभी विद्यार्थी केन्द्र में परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व उपस्थित होकर लिखित चयन प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते है।

### सैनिक नर्सिंग सहायक की लिखित परीक्षा 26 को

**रायपुर (आरएनएस)।** भारतीय थल सेना द्वारा जिला - दुर्ग में भर्ती रैली का आयोजन किया गया था, जिसमें सैनिक नर्सिंग सहायक पद हेतु चयनित आवेदको की लिखित परीक्षा 26 फरवरी को आर्मी रिक्रुटमेंट ऑफिस, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास, परसदा, नवा रायपुर में निर्धारित है। जिला रोजगार विभाग रायपुर के उप संचालक ने बताया कि लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले आवेदकों के लिए 25 एवं 26 फरवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदा, विकासखण्ड आरंग, जिला रायपुर को विश्राम हेतु आरक्षित किया गया है। आवेदकों को नि:शुल्क लंच पैकेट के साथ-साथ रियायटी दर पर भोजन की भी व्यवस्था की गयी है। लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदक अपने साथ थल सेना द्वारा जारी प्रवेश पत्र, बॉल प्वांइट पेन, पेंसिल एवं पहचान हेतु आधार कार्ड आदि अवश्य लाए।

### हाईवा और ट्रक में भिड़ंत से दो की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बीती रात हाईवा और ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए और वाहनो में आग लग गई। इस घटना में 2 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोरबा बरबसपुर बायपास मार्ग में कबीर आश्रम झगरहा के पास बीती रात लगभग 12:00 बजे यह हादसा हुआ है। बालकों से राखड़ लेकर जा रही हाईवा क्रमांक 6333 और बरबसपुर से कोरबा की ओर चावल लोड कर आ रही ट्रक क्रमांक 8155 आपस में टकरा गए। टक्कर होते ही चावल लोड ट्रक पलट गई और आग लग गई। उन्हें किसी प्रकार की मदद मिल पाती उसके पहले ही दोनों वाहनों के चालकों की घटना स्थल में ही आग से जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई।

# राज्य के सभी रीपा में भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के सहयोग से स्थापित होंगे ग्रामीण तकनीकी केन्द्र

- नवीन उद्यम तकनीक से लैस होंगे रीपा केन्द्रों में काम करने वाले छत्तीसगढ़ के ग्रामीण उद्यमी
- मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना को मिला बार्क की ग्रामीण उद्यम तकनीक सहयोग
- युवाओं को रोजगार-व्यवसाय से जोड़ने की पहल
- मुख्यमंत्री संकल्पना के अनुरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और अधिक गतिशील बनाने का प्रयास
- राज्य योजना आयोग की बैठक में ग्रामीण तकनीकी केन्द्र की स्थापना
- ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने को लेकर हुई सार्थक चर्चा



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य के गौठानों में स्थापित ग्रामीण औद्योगिक केन्द्रों में काम करने वाले ग्रामीण युवा उद्यमियों के सपनों को एक नया आयाम मिलने वाला है। ग्रामीण औद्योगिक केन्द्रों यानि रीपा में अब भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर (बार्क) मुम्बई के सहयोग से छत्तीसगढ़ के सभी रीपा सेंटरों में ग्रामीण तकनीक का प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण देने के लिए ग्रामीण तकनीकी केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इन केन्द्रों में 72 से ज्यादा ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर आधारित उद्यम तकनीक का प्रशिक्षण युवाओं को दिया जाएगा। बार्क द्वारा यहां मास्टर ट्रेनर भी तैयार किए जाएंगे। बार्क के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ में ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और रीपा में ग्रामीण तकनीकी केन्द्रों की स्थापना में सहयोग दिए जाने की सहमति दी।

यहां यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य के 300 गौठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। इसके लिए राज्य शासन द्वारा 300 करोड़ रूपए की मंजूरी दी गई है। कई रीपा का निर्माण पूरा हो चुका है और वहां विभिन्न ग्रामीण उद्यम संचालित किए जा रहे हैं। ग्रामीण तकनीकी केन्द्रों में युवाओं को विभिन्न रोजगार-व्यवसाय का प्रशिक्षण, फल सब्ज्यिं और लघु वनोपजों के विभिन्न उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में हुई योजना आयोग की बैठक में रीपा में ग्रामीण तकनीकी केन्द्रों की स्थापना तथा गोबर से विद्युत उत्पादन की आधुनिकतम तकनीक व इकाईयों के विस्तार को लेकर सार्थक चर्चा हुई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में मुख्य ग्रामीण तकनीकी केन्द्र स्थापित किया जाएगा। बैठक में बार्क के अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण तकनीकी केंद्र में युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जुडऩे का प्रोत्साहन दिया जाएगा। इन केन्द्रों में फल-सब्जी और वनोपजों से विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री बनाने की विधि एवं अन्य विधाओं के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। परमाणु ऊर्जा विभागए भारत सरकार की संयुक्त सचिव सुषमा ताईषेते ने राज्य में गोबर से विद्युत उत्पादन और खाद्य विकिरण तकनीक के संबंध में राज्य की दूरदृष्टि और राज्य की पहल की सराहना की। उन्होंने राज्य में स्थापित सभी ग्रामीण औद्योगिक पार्क में ग्रामीण तकनीकी केन्द्र स्थापना में सहयोग का आश्वासन दिया। बार्क के वैज्ञानिकों डॉ.एस.गौतम, डॉ.एस. टी.मेहेत्रे ने खाद्य पदार्थो के लम्बे समय तक सुरक्षित रखने के संबंध में आधुनिक विकरण तकनीक की जानकारी दी।

बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने राज्य में गोबर से बिजली उत्पादन के विषय में बताया कि छत्तीसगढ़ देश में सबसे बड़ा वर्मी कम्पोस्ट उत्पादक राज्य है। उन्होंने राज्य में खाद्य विकिरण तकनीक की संभावनाओं और इससे आजीविका सृजन के बारे में जानकारी दी। शर्मा ने राज्य में महुआ, इमली, टमाटर आदि व लघु वनोपजों तथा अन्य उत्पादों को सुरक्षित रखने एवं उसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुए बार्क से तकनीक सहयोग की अपेक्षा की।

बैठक में राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह ने इस चर्चा को सार्थक बताया। उन्होंने राज्य में वन संसाधनों की बहुलता के बारे में बताते हुए धान और लघु वनोपजों, वनौषधियों की वृहद उपलब्धता के विषय में ध्यान आकर्षित करते हुए इसके संबंध में बार्क से अपनी तकनीकों को साझा करने कहा। उन्होंने राज्य में 65 लघु वनोपजों को समर्थन मूल्य में भी सरकार द्वारा खरीदी की जानकारी दी और इस संबंध में विभागों के प्रतिनिधियों को बार्क और भारत सरकार से चर्चा कर आगामी कार्यवाही शुरू करने की बात कही। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.गिरीश चंदेल, छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल डेवलपमेंट आथोरिटी के सीईओ सुमित सरकार ने अपने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राज्य में जैवऊर्जा उत्पादन व खाद्य विकिरण के संबंध में किए जा रहे कार्यों के विषय में अवगत कराया। ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद ने इस संबंध में स्वच्छ भारत मिशन की गोवर्धन योजना के लाभ लेने की जरुरत बताई।

## 30 आरोपियों से 30,760 रुपए नगद समेत दर्जनों मोबाइल और लाखों रुपए के सट्टा-पट्टी जब्त

- सट्टे के विरुद्ध रायगढ़ में चलाया गया विशेष अभियान



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर आज जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत सट्टा पट्टी लिखने वालों पर विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही किया गया। शहर में साइबर सेल और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 15 सट्टा पट्टी लिखने वाले आरोपियों से नगद रकम रु.18,400 और 12 मोबाइल और करीब 3,55,000 रुपए का सट्टा पट्टी जप्त किया गया है। वहीं कोतवाली क्षेत्र में टीम ने एक जुआ रेड कार्यवाही भी किया गया है जिसमें 3 जुआरियों से नगद रकम रु.1920 और दो मोबाइल जप्त किए गए हैं।

इसी प्रकार तमनार पुलिस द्वारा 04, जूटमिल ने 03, घरघोड़ा और थाना पुसौर ने 02-02 व अन्य थानाक्षेत्र से 1-1 आरोपियों पर सट्टा लिखते सट्टा के हिसाब की पर्ची के साथ पकड़ा गया है। देर शाम तक जिले के विभिन्न थानों में 30 सट्टा-पट्टी लिखने वाले आरोपियों से नगद रकम रु.30,760 तथा 15 मोबाइल एवं करीब 4.50 लाख रूपये के सट्टा-पट्टी जप्त किया गया है। आरोपियों पर संबंधित थाने में 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रभारियों को नियमित रूप से जुआ-सट्टा पर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

## पोकलेन वाहन से डीजल चोरी करने वाला ड्रायवर और उसका साथी गिरफ्तार

- आरोपियों से 35 लीटर डीजल जब्त, पुसौर पुलिस ने चोरी के अपराध में भेजा रिमांड पर



रायगढ़। पुसौर पुलिस ने आज डीजल चोरी के आरोप में पोकलेन मशीन के ड्रायवर और उसके साथी युवक को गिरफ्तार कर आरोपियों से 35 लीटर डीजल जप्त किया गया है। दोनों आरोपियों को चोरी के अपराध में रिमांड पर भेजा है।

कल थाना पुसौर में नितेश ठेठवार (28 साल) निवासी लालटंकी रायगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके चाचा कि पोकलेन होंडाई 210 मशीन संध्या इंटरप्राइजेज कम्पनी में लगी है जो पुसौर के बड़े भण्डार अंतर्गत रायगढ़ एनर्जी कंपनी में ऐश डाइक-2 में मिट्टी कटिंग का काम कर रही है। दिनांक 23.02.2023 को पोकलेन कंपनी के बाहर खड़ी मिली, जिसका ड्रायवर लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा निवासी जोंगरा थाना सक्ती अपने साथी के साथ मिलकर पोकलेन के डीजल टैंक से लगभग 30-35 लीटर डीजल को चोरी कर जरीकन में लेकर भाग गया है , चोरी की रिपोर्ट पर आरोपी पोकलेन का चालक व उसके साथी पर चोरी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दरमियान थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम एवं सहायक उपनिरीक्षक मनमोहन बैरागी के हमराह मुखबीर लगाकर आरोपियों का पतासाजी किया गया जिसमें आरोपी लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा को शीघ्र हिरासत में लेने में पुलिस टीम को सफलता मिली, पूछताछ करने पर अपने साथी पवन मालाकार के साथ मिलकर पोकलेन गाड़ी से लगभग 35 लीटर डीजल चोरी करना बताया। दोनों आरोपियों के कब्जे से 35 लीटर डीजल, रु.3300 बरामद कर जप्त किया गया है। दोनों आरोपियों को आज चोरी के अपराध में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। माल मुलजिम पतासाजी में थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, सहायक उपनिरीक्षक मनमोहन सिंह बैरागी एवं हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

गिरफ्तार आरोपी-

(1) लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा पिता रामकृपाल विश्वकर्मा उम्र 24 साल निवासी जोंगरा थाना सक्ती जिला सक्ती (छत्तीसगढ़) वर्तमान निवास ग्राम सेमरा बसंत यादव का मकान थाना पुसौर

(2) पवन मालाकार पिता उग्रसेन मालाकार 25 साल निवासी सेमरा थाना पुसौर जिला रायगढ़

## मामूली विवाद पर बैसाखी से सिर में मार कर पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी अपने बेटे को घटना किसी को बताने पर दिया था जान से मारने की धमकी
- बेटे ने थाने में उसकी मां के गिरकर मौत होने की दर्ज कराई थी रिपोर्ट
- लैलूंगा पुलिस की सूक्ष्मता से जांच और पी.एम रिपोर्ट पर हुआ घटना का खुलासा

**रायगढ़।** थाना लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत 21 फरवरी के शाम नहरपारा लैलूंगा में रहने वाले गजेंद्र सारथी ने उसकी पत्नी फूलोबाई सारथी (29 साल) की लोहे के बैसाखी से सिर व शरीर के कई अंगों में मारकर हत्या कर दिया। आरोपी ने अपराध को छुपाने उसके नाबालिग बेटे को धमकी दिया कि उसने किसी को बताया तो उसे भी जाने समेत मार देगा। पिता की धमकी से डरे हुए नाबालिक बेटे ने थाना लैलूंगा में 23 फरवरी के सुबह उसकी मां के नशे के हालत में सीमेंट पोल से टकराने और नहर के पानी में गिर कर फौत हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। मामले में पुलिस की गंभीरता से जांच और पीएम रिपोर्ट पर से पर्दाफाश हुआ।



जानकारी के मुताबिक महिला के अकाल मृत्यु की सूचना पर लैलूंगा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक आर. एस. तिवारी अपने स्टाफ के साथ नहरपारा, लैलूंगा पहुंचे। जहां मृतिका के शव के क्रियाकर्म की तैयारी में घरवाले लगे थे। प्रारंभिक पूछताछ में जानकारी मिली कि फूलोबाई सारथी, गजेन्द्र सारथी की दूसरी पत्नी थी। पहली पत्नी के ओर से एक लड़का और मृतिका के दो लड़के हैं। गजेन्द्र की पहली पत्नी के फौत हो जाने के बाद फूलोबाई को दूसरी पत्नी बनाया था। दोनों पति-पत्नी में आये दिन झगड़े की बात निकलकर सामने आयी थी। गवाहों द्वारा बताये गये घटनास्थल एवं मृतिका के घर तथा शव का जांच टीम ने बारीकी से निरीक्षण किया गया। प्रथम दृष्टिया मामला संदेहास्पद प्रतीत हुआ। शव पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। कल पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने पर डॉक्टर द्वारा मृतिका के सिर के पिछले हिस्से तथा कई स्थानों पर चोट आने और चोट का स्वभाव हत्यात्मक होना पीएम रिपोर्ट में लेख किया गया। थाना प्रभारी लैलूंगा ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की जांच में प्रारंभिक पूछताछ में ही मृतिका के पति गजेन्द्र सारथी पर पुलिस को संदेह था जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसकी पत्नी की हत्या करना कबूल कर घटना का वृतांत बताया।

आरोपी बताया कि 21 फरवरी के शाम दोनों पति पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था जिसमें उसने अपने लोहे की बैसाखी से उसकी पत्नी फूलोबाई के सिर, पीठ, हाथ पैर में मारकर चोट पहुंचाया जिससे कुछ देर बाद उसकी पत्नी मर गई, जिसके आनन-फानन में क्रियाकर्म (अग्निदाह) की तैयारी कर रहे थे। छोटा बेटा सब जान गया, पकड़े जाने से अपने 16 वर्षीय बेटे को धमकाया और थाने में उसकी मां के सीमेंट पोल से टकराकर मौत हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराने को बोला। आरोपी गजेन्द्र सारथी उम्र 50 साल निवासी नहरपारा लैलूंगा के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त बैसाखी, गमछा जिसमें खून के छिंटे लगे हैं जब्त किया गया है। लैलूंगा पुलिस ने आरोपी को हत्या और साक्ष्य छुपाने के अपराध में गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी सदानंद कुमार के महत्वपूर्ण दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लैलूंगा उपनिरीक्षक रामाशंकर तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक चंदन सिंह नेताम, एएसआई टीआर खुंटिया, प्रधान आरक्षक सोमेश गोस्वामी, आरक्षक जोन टोप्पो, महिला आरक्षक शशिकला कुजूर की अहम भूमिका रही है।

## जिले के 70 प्रगतिशील मत्स्य कृषक अध्ययन भ्रमण पर गए उड़ीसा




- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने किया रवाना

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट परिसर में 70 प्रगतिशील मत्स्य कृषक को अध्ययन भ्रमण के लिए उड़ीसा रवाना किया। ये सभी कृषक वहां मछली पालन के बारे में सीखेंगे। ज्ञात हो कि मछली पालन विभाग के विभागीय योजनान्तर्गत जिले के 70 प्रगतिशील मत्स्य कृषकों को राज्य के बाहर अध्ययन भ्रमण अंतर्गत उड़ीसा राज्य के सीफा भुवनेश्वर एवं पुरी के लिए रवाना किया गया। मत्स्य कृषक उड़ीसा में चल रहे मछली पालन का प्रत्यक्ष अध्ययन एवं हितग्राहियों से भेंट-मुलाकात कर मछली पालन के बारे में सीखेंगे और अपने क्षेत्र में अपनायेंगे। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, सहायक संचालक मत्स्य पालन एम.के.पाटले सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग टी 20 : क्वालीफायर मैच में बिलासपुर फाइटर्स को हराकर रायपुर केपिटल्स फाइनल में

- एलिमिनेटर मैच में अबूझमाड़ टाइगर्स की सरगुजा लाइंस पर जीत

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट काउंसिल और वीर स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर मैच में वेनिंगटन रायपुर कैपिटल ने फिल फाइटर बिलासपुर को हरा कर फाइनल में जगह पक्की कर ली। प्रतियोगिता के आयोजक छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी खेलकूद प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण जैन ने जानकारी देते हुए बतलाया कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रायपुर केपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाए, जिसमें पीयूष 66 और सूर्य प्रताप ने 42 रन का योगदान दिया। बिलासपुर की ओर से रणदीप सिंह ने दो विकेट लिए। जवाब में बिलासपुर की टीम 20 ओवरों में 9 विकेटों पर 141 रन ही बना सकी और 2 रनों से इस मैच हार गई। रायपुर कैपिटल की ओर से खेमेंद्र और पीयूष ने 2-2 विकेट लिए, पीयूष मैन ऑफ द मैच चुने गए। वहीं एलिमिनेटर मैच में अबूझमाड़ टाइगर्स और सरगुजा लाइंस के मध्य मुकाबला खेला गया। अबूझमाड़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 4 विकेट पर 189 रन बनाएं, जिसमें मनीष 87 और चंद्रहास ने 58 रन का योगदान दिया। जबाव में सरगुजा लाइंस 19.1 ओवर में 128 पर ऑल आउट हो गई। अबूझमाड़ की ओर से अमन, चंद्रहास और सोनल ने दो-दो विकेट लिए अबूझमाड़ ने यह मैच 61 रन से जीत लिया, मनीष शर्मा को बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। 25 फरवरी को दूसरे क्वालीफायर मैच में अबूझमाड़ टाइगर्स का मुकाबला फिल फाइटर बिलासपुर से होगा। टूर्नामेंट का फाइनल रविवार को अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम नवा रायपुर की दूधिया रौशनी में सायं 7 बजे से खेला जायेगा।



## अटारी जबलपुर के वैज्ञानिक ने किया निकरा ग्राम-जुनवानी का अवलोकन



**रायगढ़।** कृषि तकनीकी अनुसंधान अनुप्रयोग संस्थान जबलपुर (म.प्र.)के कनिष्ठ वैज्ञानिक शिवम मिश्रा ने कृषि विज्ञान केंद्र, रायगढ़ के निकरा परियोजना अंतर्गत अंगीकृत ग्राम-जुनवानी, विकास खण्ड रायगढ़ का भ्रमण कर केंद्र द्वारा चलाये जा रहे मौसम अनुकूल विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कर विस्तृत जानकारी ली। कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ में निकरा परियोजना में चार घटकों को लेकर काम कर रहा है, मिश्रा ने सभी घटकों एवं फार्मिंग सिस्टम टाइपोलॉजी के आधार पर चयनित प्रत्येक किसानों के प्रक्षेत्र में भ्रमण कर अवलोकन किया, साथ ही केंद्र द्वारा मौसम अनुकूल तकनीकियों के अनुप्रयोग के प्रभाव एवं लाभ पर चर्चा कर जानकारी ली। मिश्रा ने किसानो से निकरा परियोजना के पूर्व उनके अनुभव एवं लोकल तकनीकियों के प्रभाव के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। केंद्र के परियोजना के अन्वेषक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ बी.एस. राजपूत ने कहा कि पूर्व में निकरा ग्राम के कृषक टमाटर में लगने वाले उकठा बीमारी के संक्रमण से इसकी खेती को पूरी तरीके से छोड़ चुके थे, परन्तु केंद्र के वैज्ञानिको के पहल पर वैज्ञानिक सलाह एवं उन्नत तकनीक के अनुप्रयोग से सफलता पूर्वक अब जुनवानी ग्राम के किसान टमाटर कि खेती को पुन: शुरू किये हैं। केंद्र के इस प्रयास को अटारी, जबलपुर के शिवम् मिश्रा ने प्रशंशा करते हुए निकरा परियोजना के सार्थक प्रभाव को आगे बढ़ाने हेतु किसानो को प्रेरित किया। साथ ही डॉ.राजपूत ने इसी तरह के मौसम अनुकूल एवं प्रभावी तकनीकों को केंद्र द्वारा किसानों के खेत तक पहुँचाने की बात की।

परियोजना के सह अन्वेषक के डी महंत (मृदा वैज्ञानिक) एवं वरिष्ठ अनुसन्धान सहायक मनोज कुमार साहू ने केंद्र के विभिन्न गतिविधियों जैसे उन्नत कड़कनाथ पालन, बटेर पालन, कम लागत अजोला उत्पादन इकाई, कृमि नाशी हेतु दवाई वितरण, पशु स्वस्थ्य कैंप, गोभी वर्गीय फसलों की खेती, टमाटर, प्याज, आलू, सरसों, मूली, मशरूम उत्पादन, जैव फफूंद नाशक का उपयोग, बीज एवं थरहा उपचार, स्टिकी एवं फेरोमोन ट्रैप का कीट नियंत्रण में प्रयोग इत्यादि से संबंधित कृषकों से अवगत कराया एवं साथ ही इन तकनीकों का कृषकों को होने वाले लाभ के बारे में भी विस्तार से बताया। भ्रमण के दौरान अंत में सभी चयनित कृषकों एवं महिला स्व-सहायता के समूहों से सामूहिक परिचर्चा, कृषकों की आवश्यकता एवं ग्राहक केंद्र की स्थापना के बारे में चर्चा की गई। इस भ्रमण कार्यक्रम की सफलता में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.मनीषा चौधरी, के.के.पैंकरा, डॉ.नानक चंद बंजारा, डॉ सोलंकी, डॉ सविता आदित्य, पटेल, आशुतोष एवं ग्राम के उपसरपंच ननकी साहू, स्मार्ट किसान मोहन मालाकार एवं अन्य समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480